# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

सितम्बर 2009 (अंक 193) | September 2009 (Issue 193)





श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान 15 सितंबर 2009 को नागपुर में क्षेत्रीय केन्द्र राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपुर द्वारा आयोजित संचायिका दिवस कार्यक्रम में संचायिका विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। साथ ही श्री पद्मसिंह, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) रा. ब. सं. नागपुर केन्द्र, श्रीमती आशिता थोरात, प्रिंसिपल बिशप कॉटन स्कूल, नागपुर, श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक तथा श्री मीर अजमत अली संयुक्त निदेशक भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश में संचायिका दिवस मनाया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, प्रतिवर्ष 15 सितंबर को संचायिका दिवस मनाता है। इस वर्ष भी पूरे देश में 15 सितंबर 2009 को क्षेत्रीय निदेशकों के मुख्यालय में संचायिका दिवस मनाया गया। संचायिका दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य स्कूल/कॉलेजो में बचत की आदत का विकास करना तथा बैंकिंग एवं लेखा कार्य पद्धति की जानकारी देना और उसके नेतृत्व क्षमता को उन्नत करना है क्योंकि वे भविष्य के नागरिक हैं।

संचायिका एक स्कूल बचत बैंक है जो विद्यार्थियों के लिये चलाई जाती है। संचायिका योजना के अंतर्गत जो रकम जमा होती है उसे डाकघर बचत खाते में जमा कर दिया जाता है जो कि प्राचार्य/मुख्याध्यापक के द्वारा बनाए गये ट्रस्टी बोर्ड द्वारा संचालित किया जाता है। इसमें स्कूल/कॉलेज के दो विद्यार्थी प्रतिनिधी के रूप में होते है। विद्यार्थियों से एक निश्चित दिन बचत राशि एकत्रित कर उनके पास बुक में प्रविष्ठियाँ दर्ज कर उन्हे वापिस कर दी जाती है। राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस के दौरान विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे निबंध, भाषण कला, प्रश्नसंच इत्यादि और प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा विद्यार्थियों में वित्तिय साक्षरता विकसित करने हेतू अदा की गई भूमिका की सराहना की। क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा आयोजित संचायिका दिवस सभारोह को देशभर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा प्रचार किया गया। राष्ट्रीय बचत संस्थान ने संचायिका दिवस पर एक विशेष विज्ञापन डी. ए. वी. पी. के माध्यम से पूरे देश के चुनिंदा समाचार पत्रों में जारी किया।




श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान दिनांक 14-25 सितंबर के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान (केन्द्रीय कार्यालय) द्वारा आयोजित हिन्दी पखवाड़ा आयोजन के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुये दिखाई दे रहे हैं। साथ ही श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक (बायें), श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एवं राजभाषा प्रभारी (दायें) भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा 14 से 28 सितंबर 2009 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 14 से 28 सितंबर 2009 तक अपने मुख्यालय नागपुर में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया। इस पखवाड़े के आयोजन का मुख्य उद्देश्य दैनंदिन कार्यो में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना था। श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि हिन्दी पूरे देश के लोगों की संप्रेषण की जीवन रेखा है। उन्होंने समस्त कर्मियों से अपील किया कि वे मंत्रालय के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करे। श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी राजभाषा ने हिन्दी पखवाड़े के उद्देश्य एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला और दैनंदिन कार्यों में ज्यादा से ज्यादा हिन्दी के प्रयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर माननीय वित्त मंत्री भारत सरकार से प्राप्त संदेश को पढ़ा गया।

इस पखवाड़े के दौरान कर्मियों के लिये निबंध, काव्य पाठ, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पखवाड़े के समापन कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान के हाथों पुरस्कार वितरित किये गये। श्री जे. पी. सिंह हिन्दी अधिकारी ने हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समन्वय किया।




श्री बी बसवाराजु, कार्यकारी अध्यक्ष भारती शिक्षा ट्रस्ट, उत्कृष्ट संचायिका विद्यार्थी, कु. डी.एस. चैत्रा को संचायिका दिवस में पुरस्कार प्रदान करते हुए। (बाए से दाये) साथ ही श्रीमती रत्ना, उपाध्यक्ष तालुका पंचायत मददूर, श्री बी राजु बाबु, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) एवं श्री बी.एस. मुक्कनवार, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान बेंगलोर केन्द्र भी दिखाई दे रहे है।




श्री पी. बी. येडला संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बचत संस्थान (मुख्यालय) द्वारा अपने कर्मियों के लिए 'व्यवहारिक दक्षता का विकास' पर आयोजित कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन करते हुए। साथ ही (बाये से दायें) श्री एस. एस. सावंत, सहायक निदेशक, श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक, श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान और श्री डी. के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) भी दिखाई दे रहे हैं।

## एन. एस. आई ने 'व्यवहारिक कार्यकुशलता के विकास' पर कार्यशाला का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान ने 9 सितंबर 2009 को अपने मुख्यालय के कर्मियों हेतु 'व्यवहारिक कार्यकुशलता के विकास' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन श्री पी. बी. येडला संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान एक टीम की तरह कार्य करता है और व्यवहारिक कार्यकुशलता व्यक्तिगत विकास एवं संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आगे कहा कि मानव के व्यवहार का आकार माता की कोख में ही प्रारंभ होकर उसकी शिक्षा, उसके पालन पोषण को वातावरण और उसके कार्य स्थल के वातावरण से एक रूप ले लेता है और ये सभी घटक उसके व्यक्तिगत विकास में काफी महत्वपूर्ण होते है।

श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कर्मियों से आग्रह किया कि वे आपसी निष्ठा, विश्वास समर्पण और आपसी मधुर संबंधों का विकास करें जो कि उनके अपने विकास के साथ-साथ संगठन के विकास में भी सहायक होगा। इस कार्यशाला के दौरान एकात्मक प्रवृत्ति का विकास, सकारात्मक व्यक्तित्व विकास, कार्य व्यवहार और उत्तरदायित्व और समय प्रबंधन पर ज्यादा जोर दिया गया। श्री एस. के. त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक ने प्रास्ताविक भाषण दिया और श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक ने धन्यवाद दिया। श्री डी. के. घाटे, क्षेत्रीय निदेशक (मुख्यालय) ने कार्यशाला का समन्वय किया।




राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकाता केन्द्र द्वारा युनाईटेड बैंक आफ इंडिया के अधिकारियों के लिए कोलकाता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागियों को संबोधित करते हुए श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकाता केन्द्र। साथ में (बाये से दायें) श्री पी. के. राय, सहायक निदेशक व श्री अरविन्द विश्वास, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, कोलकाता केन्द्र।

## अप्रैल से जुलाई 2009 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जुलाई 2008 तक | | जुलाई 2009 तक | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 3636.42 | 114.07 | 4936.26 | 474.18 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 23.64 | 7.03 | 35.58 | 13.33 |
| 3. | असम | 485.69 | –61.79 | 618.30 | –4.77 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 9.38 | 2.50 | 13.40 | 5.69 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफिसेस | 92.75 | –377.44 | 147.21 | 32.07 |
| 6. | बिहार | 1825.17 | 357.97 | 2653.31 | 560.75 |
| 7. | झारखंड | 768.40 | 172.77 | 1182.52 | 247.07 |
| 8. | चंडीगढ | 138.26 | –25.47 | 213.19 | 41.23 |
| 9. | दमण एवं दीव | 138.78 | 1.66 | 195.05 | 22.07 |
| 10. | दिल्ली | 1501.56 | –396.72 | 2317.40 | 129.74 |
| 11. | गोवा | 82.58 | 5.67 | 187.32 | 36.55 |
| 12. | गुजरात | 4191.23 | –9.80 | 5868.97 | 897.52 |
| 13. | हरियाणा | 1420.60 | –46.66 | 1827.39 | 229.05 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 735.38 | 75.95 | 945.16 | 108.53 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 284.77 | 16.44 | 470.00 | 7.10 |
| 16. | कर्नाटक | 1731.27 | –111.57 | 2287.99 | –36.22 |
| 17. | केरल | 1367.26 | –128.88 | 1710.50 | –103.63 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.55 | –0.03 | 0.70 | 0.14 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 1338.63 | 30.92 | 1867.93 | 101.57 |
| 20. | छत्तीसगढ | 465.23 | 15.07 | 756.67 | 54.20 |
| 21. | महाराष्ट्र | 4128.81 | 318.21 | 5490.29 | 636.92 |
| 22. | मणिपुर | 21.49 | –8.35 | 26.18 | –5.37 |
| 23. | मेघालय | 58.91 | 4.61 | 55.15 | 9.79 |
| 24. | मिझोरम | 27.14 | –1.99 | 24.27 | 4.63 |
| 25. | नागालैंड | 11.75 | –0.61 | 11.08 | 0.55 |
| 26. | उडीसा | 817.42 | 115.92 | 1124.93 | 228.87 |
| 27. | पांडीचेरी | 29.96 | –9.19 | 45.90 | 2.08 |
| 28. | पंजाब | 2412.59 | –80.57 | 3019.34 | 343.87 |
| 29. | राजस्थान | 2436.22 | –307.78 | 4064.49 | –264.82 |
| 30. | सिक्कीम | 14.73 | –1.75 | 20.49 | –3.01 |
| 31. | तमिलनाडू | 2597.91 | –331.38 | 3306.84 | 12.65 |
| 32. | त्रिपूरा | 136.45 | –9.22 | 143.62 | 7.28 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 4734.66 | 532.43 | 6311.99 | 1013.46 |
| 34. | उत्तरांचल | 717.85 | 105.06 | 1004.35 | 214.34 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 5535.51 | 729.99 | 8104.52 | 1673.79 |
| | कुल | **43918.93** | **697.07** | **60988.28** | **6691.21** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR